# 'वर्कफोर्स में 5% महिलाएं बढ़ीं तो GDP में जुड़ेंगे ₹26 हजार करोड़'

■ **NBT ब्यूरो, लखनऊ :** यूपी में ईज आफ डूइंग बिजनेस को और बढ़ावा देने के लिए केंद्र की टास्क फोर्स ने यूपी को भूमि, भवन और निर्माण, श्रम, उपयोगिताएं और अनुमति की प्रक्रिया को और सहज बनाने का सुझाव दिया है। केंद्र ने वर्कफोर्स में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की वकालत करते हुए कहा कि इसमें 5% की मामूली वृद्धि भी राज्य की जीडीपी में 26 हजार करोड़ रुपये का अतिरिक्त योगदान दे सकती है।

**मुख्य सचिव के साथ केंद्र की उच्च स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में दिया गया सुझाव**



सोमवार को मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की साथ केंद्र की उच्च स्तरीय टास्क फोर्स के सदस्यों के साथ बैठक में ये बिंदु सामने सामने आए। टास्क फोर्स का प्रतिनिधित्व कर रहीं युवा मामलों की सचिव मीता राजीवलोचन ने भू अभिलेखों का जमीनी प्रमाणन, अनुमोदन की समयसीमा कम करने, मिश्रित भूमि उपयोग को प्राथमिकता देने के फायदों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि फायर डिपार्टमेंट से एनओसी, उद्योग के लिए सेटअप फ्लोर एरिया रेशियो (FAR), भूमि की उपलब्धता आदि से भी निवेश को बढ़ावा मिलेगा।